दिन–शनिवार दिनांक– 02 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और संशोधन के लिए आज से राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर दो दिवसीय विशेष शिविर की हुई शुरुआत।

02. ऊर्जा विभाग ने कहा – स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सर्वर के ठीक होने तक नहीं काटे जायेंगे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन।

03. पेंशनधारियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान शुरू। तीस नवम्बर तक चिन्हित डाकघरों में निःशुल्क उपलब्ध रहेगी सुविधा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक सुपौल, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान।

अब समाचार विस्तार से.........

---

निर्वाचन आयोग की ओर से संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज से प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर दो दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुयी। इन शिविरों के माध्यम से लोगों ने मतदाता सूची में नाम शामिल करने, हटवाने और संशोधन के लिए आवदेन दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि इस अभियान के तहत कल भी आवेदन लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि तेईस और चौबीस नवंबर को भी सभी मतदान केंद्रों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह अभियान अट्ठाईस नवंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और इसमें किसी तरह के बदलाव के लिए कभी भी प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय या निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

–––बाईट–––

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोग वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

–––बाईट–––

---

स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर के सर्वर में तकनीकी खराबी आने के कारण राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि स्मार्ट मीटर ऐप में आई समस्या का जल्द ही समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोग ऐप ठीक होने तक सुविधा ऐप या बिजली कंपनियों की वेबसाईट के माध्यम से रिचार्ज कर सकते हैं। श्री पाल ने बताया कि सर्वर की समस्या ठीक होने तक किसी की बिजली नहीं काटी जाएगी।

——————————————————————————

पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने पेंशनधारियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। देशभर के आठ सौ शहरों में तीस नवम्बर तक यह अभियान चलेगा। इसके लिए विभाग ने इंडिया पोस्ट पेंमेंट्स बैंक के साथ समझौता किया है। अभियान के तहत पेंशनभोगियों का चेहरा प्रमाणीकरण और बायोमीट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया होगी। डाकघर जाकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने वाले पेंशनधारियों को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। वहीं, घर बैठे इस सेवा का लाभ लेने के लिए सत्तर रुपये का भुगतान करना होगा।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने स्टीमर के माध्यम से दानापुर के नासरीगंज घाट से पटना सिटी के गाय घाट तक सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को छठ पर्व के दौरान सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम करने के निर्देश दिये। इधर, पटना की आईजी गरिमा मलिक ने बताया कि सुरक्षा को लेकर सभी छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और पटना शहर के यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया जाएगा।

———बाईट———

——————————————————————————

रेलवे छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा के लिए देश के प्रमुख शहरों से बिहार समेत पूर्वी राज्यों के विभिन्न शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस बार सात हजार से अधिक पूजा स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेल

के क्षेत्राधिकार से खुलने और गुजरने वाली रेलगाड़ियों के इस बार पांच हजार से अधिक फेरे होंगे।

——बाईट———

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि भीड़भाड़ को देखते प्रमुख शहरों के लिए तेजस और वंदे भारत समेत कई क्लोन ट्रेनों का भी परिचलान किया जा रहा है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय का भुगतान छठ पूजा से पहले कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि मानदेय भुगतान के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध है।

————————————————————————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज भी गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार पारम्परिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

गोवर्धन पूजा पूरे प्रदेश में आस्था और श्रद्धा के साथ मनाई गयी। यह पर्व भगवान कृष्ण की वर्षा के देवता इंद्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर पशुपालकों ने अपने पशुओं की पूजा की। इसके साथ ही कई जगहों पर पारम्परिक खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत के माध्यम से न केवल मानव जाति की रक्षा की, बल्कि पूरे संसार की रक्षा की। उन्होंने कामना की कि भगवान कृष्ण का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। समाचार कक्ष से कल्पना झा।

इधर, कल भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा का त्योहार मनाया जायेगा।

————————————————————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, इमामगंज, रामगढ़ और बेलागंज में उप चुनाव के लिए तेरह नवम्बर को मतदान होगा। इन सीटों के विधायकों के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये उप चुनाव हो रहे हैं। आकाशवाणी समाचार इन सभी विधानसभा क्षेत्रों पर आज से विशेष श्रृखंला का प्रसारण कर रहा है। आज की कड़ी में सुनिए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र पर हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। एनडीए की ओर से भाजपा ने पूर्व विधायक अशोक सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में राजद के सुधाकर सिंह से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, इंडिया गठबंधन से राजद के अजीत कुमार सिंह चुनाव मैदान में हैं। अजीत कुमार सिंह राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और सुधाकर सिंह के छोटे भाई हैं। वे हाल ही में जदयू छोड़कर राजद के साथ आए हैं। इधर, जनसुराज पार्टी ने सुशील कुमार कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। पिछले लोकसभा चुनाव में श्री कुशवाहा ने बक्सर सीट पर बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था और एक लाख से अधिक मत लाए थे। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने दुर्गावती से जिला परिषद सदस्य सतीश यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। वे पूर्व विधायक अंबिका यादव के भतीजे हैं। उप चुनाव में कुल पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के बीच माना जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। यह देखना दिलचस्प होगा की रामगढ़ की जनता किस पर अपना विश्वास जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

————————————————————————————

राजद ने बिहार के सभी सांसदों से सदन में जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाने की अपील की है। पटना में पार्टी की वरिष्ठ नेता और सांसद मीसा भारती ने कहा कि इससे राज्य का विकास सुनिश्चित होगा और लोगों की समस्याएं दूर होंगी।

———बाईट———

————————————————————————————

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के मामले में पुलिस ने दिल्ली से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार युवक ने धमकी देने की बात स्वीकार कर ली है। उसका लॉरेंस विश्नोई गिरोह से कोई संबंध नहीं है।

————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट——

————————————————————————————

पटना और बेगूसराय के बीच गंगा नदी पर बने राजेन्द्र सेतु पर मरम्मत कार्य के कारण आज राज आठ बजे से कल सुबह छह बजे तक सेतु के सड़क मार्ग पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस समेत अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों की आवाजाही पहले की तरह जारी रहेगी।

---

महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी गौरव यात्रा आज छपरा पहुंची। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने ट्रॉफी का जोरदार स्वागत किया।

---

बेगूसराय जिले के छौराही थाना क्षेत्र में शौचालय की टंकी में गिरने से एक दंपत्ति की मौत हो गयी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटाने और संशोधन के लिए आज से राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर दो दिवसीय विशेष शिविर की हुई शुरुआत।

02. ऊर्जा विभाग ने कहा – स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सर्वर के ठीक होने तक नहीं काटे जायेंगे उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन।

03. पेंशनधारियों का डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष अभियान शुरू। तीस नवम्बर तक चिन्हित डाकघरों में निःशुल्क उपलब्ध रहेगी सुविधा।

04. और, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक सुपौल, किशनगंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।